तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 दुधली और अर्जुनी टिकरी के समाधान शिविर में दर्जनों ...





10 सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ ...




## खबर संक्षेप

### कोटागांव के स्कूल मैदान में आज समाधान शिविर

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरूवार, 22 मई को नगर पंचायत गुण्डरदेही के वार्ड नंबर 13 एवं डौण्डी विकासखण्ड के कोटागांव के स्कूल मैदान में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर पंचायत गुण्डरदेही के समाधान शिविर में नगर पंचायत गुण्डरदेही के समस्त वार्डवासियों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कोटागांव में आडेझर, सल्हाईटोला, खैरवाही, कामता, कुमुड़कट्टा, नलकसा, कोपेडेरा, चिखली, साल्हे, धोतिमटोला, नर्राटोला के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

### राष्ट्रीय प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए हिमेश और कविता का चयन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला के बच्चे हिमेश कुमार और कविता का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित हुए। इस छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए शाला के अनुभवी व विशेषज्ञ शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा विशेष कोचिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र, शिक्षिका श्रीमती जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू का विशेष मार्गदर्शन मिला। जिससे शाला के प्रतिभावान बच्चे हिमेश कुमार पिता लाल जी तथा कविता पिता वेदप्रकाश जांगड़े का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2025,के लिए हुआ है । जिसके अंतर्गत चयनित बच्चों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक 1000 रूपये प्रतिमाह शासन द्वारा दिया जाएगा। बच्चों के इस उपलब्धि के लिए ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला की सरपंच श्रीमती हुमेश्वरी भुआर्य, उपसरपंच रूपेश कुमार साहू, रोजगार सहायक प्रेम लाल साहू व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लीलाधर भूआर्य व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी बाई पटेल व शासकीय प्राथमिक शाला बोरी के प्रधान पाठक सुखचैन मंडलोई ने शाला के सभी गुरुजनों को बधाई तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

# 18वीं बार रक्तदान करने का मिसाल बनाने पर ओंकार साहू का सम्मान

## साहू संघ कोलिहामार ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

परिक्षेत्रीय साहू संघ कोलिहामार गुरुर की आवश्यक न्याय प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न की गई, जिसमें विभिन्न विषय पर चर्चा की गई। बैठक में रक्तदान किए गए रक्तदाता का सम्मान परिक्षेत्रीय साहू संघ द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम ठेकवाडीह निवासी ओंकार साहू जो कि 18 बार रक्तदान कर आगे भी रक्तदान के लिए तत्पर है।

इस अवसर पर परीक्षेत्रीय साहू संघ अध्यक्ष भारत राम सार्वा ने कहा कि हमारे रक्तदान किए गए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है। रक्तदान का कितना महत्व है इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। अतरू हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ पुरुर मिथलेश साहू ने कहा कि युवा रक्तदाता को सम्मानित कर मुझे भी गौरव का अनुभव हो रहा है। एक ऐसी पहल हमें करनी चाहिए जिससे कभी भी ब्लड बैंक में रक्त की कमी न आए। 18 से 50 वर्ष तक के लोग आसानी से अपना रक्तदान कर सकते है। इसलिए सभी को रक्तदान करने आगे आना चाहिए।



### कमजोरी नहीं आती

परिक्षेत्र अध्यक्ष गुरुर योगेश साहू ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी शरीर में नहीं आती वरन रक्त का शोधन होता रहता है। इसलिए रक्तदान यदि साल में 4 बार भी किया जाए तो इससे कोई परेशानी नहीं होती। रक्तदान पुण्य का कार्य है जिसे हम सभी को करना चाहिए। इस अवसर पर संरक्षक चिंताराम साहू, उपाध्यक्ष यालेश साहू, हेमलता साहू, कोषाध्यक्ष परसराम साहू, सचिव चंद्रहास साहू, सह सचिव भीषम लाल महमल्ला, दुष्यंत कुमार साहू, मदन मोहन साहू, खिलावन साहू प्रवीण साहू, ढाल सिंह साहू, जगत राम साहू, दुलार साहू, भीखू साहू सहित परिक्षेत्र की समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## मौसम

# मौसम का कहर जारी, 24 घंटे में फिर तूफान-बारिश की आशंका

### बारिश के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त, स्कूल और कई कार्यालय का कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा और इसके आसपास के क्षेत्रों में सोमवार शाम आई तेज आंधी, तूफान और मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आगमी 24 घंटे में मौसम फिर रौद्र रूप ले सकता है।

अचानक बदले मौसम के मिजाज ने जहां एक ओर गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर भारी नुकसान और अव्यवस्था का कारण भी बना। तेज हवा और आंधी की वजह से कई पेड़ धराशायी हो गए, बिजली के खंभे टूट गए और कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। कई घरों की टिन छतें उड़ गईं और बाजार क्षेत्रों में दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं, भारी बारिश के चलते कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ▶▶| शेष पेज 11 पर






### गाज गिरने से तीन घायलों को संजीवनी की सेवा मिली



**बालोद।** मंगलवार को दोपहर पश्चात आई तेज आंधी गरज व चमक के साथ मूसलसाधार बारिश शुरू हो गई। इस दौरान ग्राम देवतराई के समीप तांदुला जलाशय से लगे घुमरापठार के जंगल मे शिड बाल एकत्र करने गए चार मजदूरो पर आकाशीय बिजली गिर गई। घटना के समय सभी बारिश से बचने पेड़ के नीचे खड़े थे। जिसके कारण पेड़ के नीचे रूके चार मे से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई व तीन घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तेज बारिश से बचने के लिए ये चारो मजदूर एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे, तभी जोरदार गर्जना ▶▶| शेष पेज 11 पर


### भाठापारा में आंधी में पेड़ गिरा, महिला की हुई मौत



**बालोद/निकुम।** अंडा थाना क्षेत्र मे तेज हवा के साथ आंधी तूफान आने से ग्राम निकुम भाठापारा में एक पेड़ 48 वर्षीय आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 की सहायिका रामेश्वरी साहू के सिर मे गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। अंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को शाम तकरीबन 6.30 बजे बाबा धाम भोलेबाबा मंदिर भाठापारा निकुम तालाब में रोज की भांति पूजा करने गई महिला रामेश्वरी साहू शिव मंदिर में आरती पूजा कर रही थी, तभी अचाानक बदले मौसम से तालाब में लगे नीलगिरी पेड़ हवा चलने से टूट कर ▶▶| शेष पेज 11 पर

# आत्मानंद स्कूल डोम शेड के लिए जारी निविदा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर में डोम शेड निर्माण के लिए निविदा जारी किया गया था
- भाजपा नेताओं की शिकायतों पर विवादित टेंडर को डीईओ ने निरस्त किया

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के कन्नेवाड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्थापित होने वाले प्री मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर में डोम शेड निर्माण के लिए निविदा जारी किया गया है। लगातार शिकायतों के बाद डीएमएफ फंड से बनने वाले पॉलीकार्बोनेट डोम शेड निर्माण सहित अन्य कार्यो के टेंडर को आखिरकार, निरस्त करना पड़ा। निविदा की प्रक्रिया को लेकर शिकायतें आ रही थी। मामले मे भाजपा नेताओं की शिकायतों के बाद विवादित टेंडर को लेकर शिक्षा विभाग के डीईओ ने निरस्त कर दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी तीनो निविदा को निरस्त कर दिया गया है, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कन्नेवाड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्थापित होने वाले प्री मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर में डोम शेड निर्माण के सांथ प्रशिक्षणार्थियों को आकर्शित करने व प्रेरित करने के लिए ट्रेनिंग सेंटर में पेंटिंग कार्य, प्रशिक्षणार्थियों की सुविधा के लिए स्पोर्ट्स युसेज लाईट के लिए भी निविदा निकाली गई थी, विवाद के बाद सभी को एक सांथ निरस्त ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कृषि कालेज मर्रा के आईसीटी लैब का शुभारंभ अधिष्टाता डा. वर्मा ने किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, मर्रा जिला दुर्ग में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी लैब का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा ने की।

समारोह में आईसीटी लैब प्रभारी इंजीनियर के.के.एस. महिलांग, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रवीण साहू, सहायक प्राध्यापक मंजू धुरव सहित समस्त शिक्षण एवं गैर–शिक्षकीय स्टाफ तथा छात्र–छात्रएँ उपस्थित रही। महाविद्यालय के अधिष्ठाता कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा ने कहा कि यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला न केवल छात्रें के ज्ञानवर्धन में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि उन्हें डिजिटल साक्षरता, तकनीकी दक्षता एवं शोध क्षमता में भी निपुण बनाएगी। उन्होंने छात्रें से आग्रह किया कि वे इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाकर भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें।डॉ. वर्मा ने प्रयोगशाला की चार प्रमुख इकाइयों कृषि अर्थशास्त्र,ृषि सांख्यिकी, कृषि विस्तार शिक्षा एवं भाषा प्रयोगशाला – की कार्यप्रणालियों की जानकारी देते हुए इसे महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता के सु–ढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि आईसीटी लैब महाविद्यालय के समग्र विकास एवं राष्ट्रीय प्रत्यायन मानदंडों की पूर्ति हेतु एक सशक्त आधारशिला सिद्ध होगी।

### तकनीकी साधनों का उपयोग करें

आखिर में उन्होंने समस्त छात्र–छात्रओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस तकनीकी संसाधन का निरंतर एवं प्रभावी उपयोग करें, जिससे वे न केवल अपनी अकादमिक उपलब्धियों में वृद्धि कर सकें, बल्कि भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं में भी उत—ष्ट प रदर्शन कर सकें। इस दौरान शाखा अधिकारी हेमंत साहू ने महाविद्यालय की उपलब्धियों के विषय में बड़े ही विस्तापूर्वक बताते हुऐ कहा की हमारे कृषि महाविद्यालय मर्रा बहुत ही कम समय में नई–नई ऊंचाइयों कों छुआ रहा है। हमारे महाविद्यालय में यंहा अनेक उन्नत सुविधा है जो कॉलेज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रवीण कुमार साहू ने तथा कार्यक्रम में आभार सहायक प्रध्यापक डॉ. सुशीला ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्रयें की उपस्थिति रहें।

## युवाओं व महिलाओं को जोड़ने का अभियान

# जन संवाद से कांग्रेस को मिलेगी मजबूती, पूर्व मंत्री का जनसंपर्क जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- हनोदा, कोड़यिा, कोकड़ी, पाऊवारा, खोपली, मंचादूर एवं चिरपोटी में विकास की स्थिति देखी

दुर्गग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क के दूसरे दिन ग्राम हनोदा, कोड़यिा, कोकड़ी, पाऊवारा, खोपली, मंचादूर एवं चिरपोटी में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रहे है और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ले रहे हैं और लोगों की मदद कर रहे हैं.



उन्होंने बताया की दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास में वर्तमान में विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का विकास बाधित हो रहा है। इन समस्याओं के कारण क्षेत्र में विकास की गति धीमी है और लोगों की बुनियादी ज़रूरतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। लोगों की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास करना चाहिए। क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष योजनाएं लागू करनी चाहिए।विधानसभा क्षेत्र में विकास को बाधित करने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि क्षेत्र में विकास की गति तेज हो सके और लोगों की जीवनशैली में सुधार आ सके। साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ को कांग्रेस पार्टी से जुड़ने नये लोगों को जोड़ना महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ने का काम करें। इस दौरान विधानसभा वासियों द्वारा लगातार अलग अलग समस्यायें जैसे पीने का पानी ▶▶| शेष पेज 11 पर




# एनआईटी से स्टेबिलिटी टेस्ट के बाद ढहेंगी हाउसिंग बोर्ड की पुरानी टंकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 02 में स्थित हाउसिंग बोर्ड में लगभग 50 वर्ष पूर्व जल आपूर्ति के लिए पानी टंकी बनाया गया था। जो अब पुरानी हो गई है, कुछ पानी टंकियों से पानी लिकेज की भी शिकायत आ रही है। सीमेंट छोड़कर गिर रहा है, उसको देखते हुए नगर निगम भिलाई द्वारा वहां पर निर्मित पानी सप्लाई करने के लिए नई पानी टंकियॉ बना दी गई है। लेकिन अभी भी पुरानी टंकियों से पानी सप्लाई की जा रही है। नई टंकियॉ शीध्र ही चालू कर दी जाएगी, पुरानी टंकियों से किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसलिए उसे डिस्मेंटल किया जाएगा। उसको तोड़ने से पहले नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्टेबिलिटी प्रतिवेदन लिया जाएगा। पानी टंकी की वास्तविक स्थिति क्या है। उसकी मजबूती किस प्रकार की है, टंकिया उपयोग के लायक है या नहीं। इन सब के प्रतिवेदन आने के बाद उसे तोड़ा जाएगा।

## भिलाई निगम अधिकारियों और पार्षदों ने लिया जायजा





### टंकियों का किया अवलोकन

नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अभियंतागणो को लेकर पानी टंकियों का अवलोकन करने गए। उन्होने निर्देश दिया कि सर्वप्रथमम यह ध्यान दिया जाए कि पानी सप्लाई पर्याप्त मात्रा में हो। जल आपूर्ति में किसी प्रकार का अवरोध न हो। अगर कहीं दिक्कत होगी, तो उसको ठीक करने के बाद ही टंकियॉ तोड़ा जाएगा। टंकियों को इस प्रकार से तोड़ा जाए, इसमें किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो। क्योकि उसके चारो तरफ लम्बी बसावट हो गई है, टंकी को सावधानीपूर्वक तोड़ना पड़ेगा। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो, पीली पानी टंकी को तो हटाया जा चुका है अब हरी और लाल पानी टंकी बची हुई है। यह देखने में आया कि कुछ लोगों द्वारा वहां पर गेराज बनाकर गाड़ियॉ खड़ी की जा रही है। उसे भी हटाना पड़ेगा, जिससे कोई दुर्घटना ना हो। इस दौरान पार्षद पीयूष मिश्रा, नोहर वर्मा, प्रदीप सेन, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, उपअभियंता अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### बीएसपी गाँवों में पहुँचा रहा है निःशुल्क उपचार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसका लाभ लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।वर्ष 2024-25 में आदर्श इस्पात ग्रामों में आयोजित कुल 90 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों से 5445 आमजन लाभान्वित हुए हैं। खदान क्षेत्रों में आयोजित 8 शिविरों में 475 ग्रामीणों को लाभ मिला है। शिविरों में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के साथ कुशल चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जाता है एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया जाता है। सीएसआर के तहत मिशन लक्ष्मी' के तहत संयंत्र की ठेका श्रमिक महिलाओं, बालिकाओं, युवतियों और नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों को शामिल करते हुए उनकी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण व सजगता की जानकारी प्रदान की जाती है। अब तक आयोजित 12 स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों मे 849 महिलाओं का उपचार किया जा चुका है।

## लंबित मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन ने बोरिया गेट के सामने किया प्रदर्शन

# सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ कर्मचारी हुए एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के हजारों कर्मचारियों की लंबित मांगों को अब तक निदान नहीं होने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा देशव्यापी औद्योगिक प्रदर्शन के तहत केंद्र सरकार द्वारा श्रम कानून में परिवर्तन करने के विरोध और कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट पर प्रदर्शन किया । इसमें बड़ी संख्या में यूनियन नेता और संयंत्र कर्मचारी उपस्थित थे । यूनियन द्वारा उच्च प्रबंधन से सभी मांगों को जल्द निदान की मांग की।

उल्लेखनीय है कि देश की राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र संघों के पूर्व में 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया था। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए इसे 9 जुलाई को करने का निर्णय लेते हुए सेल सहित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मियों को लंबित मांगों को लेकर 20 मई को देश के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रदर्शन की घोषणा की गई थी। इसके तहत आज इंटक,एटक, एचएमएस,सीटू,एक्टू लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन के संयुक्त श्रमिक संगठन द्वारा यहां सेल कर्मियों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। सुबह 6 बजे से यूनियन नेता झंडों व बैनरों के साथ कर्मियों को एकजुट करते देखे गए। इसके बाद 7 बजे से 8 बजे तक प्रदर्शन किया गया। यूनियन नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लागू चार लेबर कोड को कर्मचारी विरोधी बताते हुए इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही अब तक सेल वेतन समझौता अपूर्ण होने के लिए उच्च प्रबंधन को आड़े हाथ लेते हुए जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलाकर विसंगतियों को दूर कर 39 महीने के लंबित एरियर्स का भुगतान कराने पर जोर दिया। यूनियन नेताओं ने उच्च प्रबंधन से कर्मियों की 17 सूत्रीय मांगों तो जल्द पूर्ण करने की मांग की।

### प्रबंधन से की 15 सूत्रीय मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग



### यह हैं सेल कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

चारों श्रम संहिताओं को तत्काल रद्द किया जाए, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी विभागों का निजीकरण बंद किया जाए, सेल और आरआई एनएल की किसी भी इकाई में कोई विनिवेश या निजीकरण ना किया जाए, स्थाई प्रवृत्ति के कार्य को आउटसोर्स ना किया जाए, सेल में लंबित वेतन समझौता जल्द पूरा किया जाए और एरियर्स का जल्द भुगतान किया जाए । हायर पेंशन स्कीम लागू हो और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को मिनिमम 26 हजार रुपए वेतन दिया जाए,पुरानी पेंशन योजना की बहाली के साथ बोनस पात्रता पर सभी सीमाएं समाप्त की जाएं और ग्रेच्युटी सीलिंग समाप्त किया जाए ।

### काम का अधिकार बने मौलिक हक

प्रदर्शन में संयुक्त यूनियन ने लेबर कोड रद्द करने के साथ काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने पर खास जोर दिया। अन्य मांगों में आवेदन जमा करने के 45 दिनों के भीतर ट्रेड यूनियन का अनिवार्य रूप से पंजीकरण करने, मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण, खाद्य पदार्थ, दवाओं, कृषि उपकरणों और मशीनरी पर जीएसटी हटाने बिजली संशोधन विधेयक की वापसी, अमीरों पर कर लगाए कॉरपोरेट कर को बढ़ाने, संविधान के मूल मूल्य पर हमला रोका जाए जैसे - अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, असहमति का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता, विविध संस्कृतियों, भाषा, कानून के समक्ष समानता और देश की संघीय संरचना आदि पर हमले रोकने की मांग शामिल है।

## मान्यता चुनाव से बढ़ी एनजेसीएस और गैरएनजेसीएस यूनियनों में रस्साकशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में लंबित मान्यता यूनियन चुनाव की पुरजोर मांग के फिर से एक बार एनजेसीएसी और गैरएनजेसीएस यूनियनों के बीच रस्साकशी शुरु हो गई है। नवोदित गैर एनजेसीएस यूनियनें लंबित वेतन समझौता के लिए लंबे समय से जमे एनजेसीएस नेताओं को जिम्मेदार बता रही हैं वहीं एनजेसीएस यूनियनें सेल के गठन के बाद से कर्मियों के अब तक हुए पे रिवीजन सहित सेल के सभी उपक्रमों की एकजुटता आदि उपलब्धियों का श्रेय एनजेसीएस कमेटी को दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि मान्यता यूनियन का कार्यकाल खत्म होने के बाद अब तक चुनाव नहीं हुआ है। प्रक्रिया मंद चलती देख कई एनजेसीएस यूनियनों ने एएलसी व प्रबंधन से जल्द चुनाव की मांमग की है। इसे देखते हुए कर्मियों व प्लांट की समस्याओं को लेकर सक्रिय हो गई हैं। वहीं गैर एनजेसीएस यूनियनें एनजेसीएस यूनियनों को कठघरे में खड़ा कर रही हैं। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि एनजेसीएस में 10 नेता 2016 के पहले से अभी तक एनजेसीएस में सदस्य है। बड़े बड़े नेताओं के रहते प्रबंधन मजे में है और सेल कर्मियों का वेतन समझौता अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। तेरह प्रति. एमजीबी व 25.5 प्रति. पर एमओयू हुआ। कर्मियों का 39 माह का एरियर्स भी नहीं दिलवा पाए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रमिक राजनीति में मजदूर शामिल हैं और न ही उनके मुद्दे। मात्र नेताओं की फौज है। एनजेसीएस कमेटी में दस साल से इंटक के .जी संजीवा रेड्डी, बीएन चौबे हरिजित सिंह, एटक के डी आदिनारायण, एचएमएस,संजय बढ़वाकर,राजेंद्र सिंह, सीटू तपन सेन, बीएमएस डीके पांडे जमे हुए हैं।

- एनजेसीएस में नेताओं की मौज-बीएकेएस
- कमेटी में सदस्य कौन रहेगा यह यूनियन तय करेगी : सीटू

### वेतन समझौता भी लंबित, कर्मियों के हितों की रक्षा

वहीं दूसरी ओर एनजेसीएस यूनियनों का कहना है कि जनाधार की तलाश वाली यूनियनें अप ने बारे में सोचें। एनजेसीएस सदस्य कौन होगा यह हमारी यूनियनें तय करेंगी, प्रबंधन या गैर एनजेसीएस यूनियन नहीं । एटक के महासचिव वीके सोनी का कहना है कि एनजेसीएस केंद्रीय यूनियनों व उच्च प्रबंधन के बीच एक द्विपक्षीय प्रजातांत्रिक कमेटी है जो सेल स्तर पर 50 साल से कर्मचारी हित में काम कर रही है। इसमें सभी फैसले सर्वसम्मित से होते हैं। एनजेसीएस पर प्रायोजित हमला केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के चलते हो रहा है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी बताते हैं कि एनजेसीएस में कौन सदस्य रहेगा यह संबंधित यूनियनें तय करेंगी, प्रबंधन या गैर एनजेसीएस यूनियन नहीं। सार्वजनिक स्टील क्षेत्र में एनजेसीएस सरकार व सेल से मान्यता प्राप्त पहला फोरम है, जो सेल गठन के बाद से ही बिना सीलिंग ग्रेज्युटी व वेतन समझौता जैसे उपलब्धियों सहित कर्मियों के हितों की रक्षा कर रही है। यदि सेल के उपक्रम व कर्मी एकजुट हैं तो इसलिए कि एनजेसीएस जिंदा है। एनजेसीएस यूनियनें चुनाव के लिए नहीं कर्मी व सेल हित में काम करती हैं।

## बांग्लादेशी फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला पुलिस गिरफ्त में, आरोपी रकम भी वसूलता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बांग्लादेशी महिला को मकान में छिपाकर रखने और उसका दस्तावेज तैयार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 319(2), 336(3), 3(5) बीएनएस, 14-ए विदेश नागरिक विषयक अधिनियम 1946 की धारा 3, एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 के तहत कार्रवाई की है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई के लिए जिले में एसटीएफ की टीम बनाई गई है। अपनी पहचान छिपाकर रह रही शहीदा खातून उर्फ ज्योति रासेल, मोहम्मद रासेल शेख को बीते दिनों पुलिस ने कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। जांच में पता चला कि दोनों को मकान किराए पर देकर रकम वसूसलने व फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला कांट्रैक्टर कॉलोनी सुपेला निवासी हरेराम प्रसाद 45 वर्ष था, जिसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हरेराम प्रसाद उक्त दोनों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहचान छिपाकर किराए का मकान दिलाया था। प्रतिमाह किराए के रूप में रकम भी इनसे वसूला करता था।



- सुपेला पुलिस ने की कार्रवाई, महिला किराए के मकान में रहती थी

### कई हैं संदेह के घेरे में

मिली जानकारी के मुताबिक बांग्लादेशी महिला के किराए के मकान में कई लोगों का आना जाना रहा है। इसके बारे में हरेराम तक को जानकारी होना बताया गया है। फर्जी दस्तावेज तैयार कराने कई लोगों का हाथ होने की जानकारी मिल रही है। इसके अलावा आरोपी हरेराम अर्से से उक्त महिला पुरुषों को रखा हुआ था। पुलिस संदेहियों की जानकारी जुटा रही है। इनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

## बड़े ठेकेदारों के हित को ध्यान रखकर बनाई जा रही टेंडर पॉलिसी, विरोध

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट कॉन्ट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का निर्णय बैठक में लिया गया है। बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई, जिसमें बड़े ठेकेदारों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार की जाने वाली पॉलिसी को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। बैठक में कुछ सदस्यों के प्रयास से श्रमिकों के भविष्य एवं परिवार का ध्यान रखते हुए बेहतरीन बीमा का लाभ दिलाए जाने की जानकारी दी गई। प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के अवैध स्वाथ्य परीक्षण का विरोध दर्ज कराया गया। एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने ईएसआईसी रायपुर में मिलकर सकारात्मक चर्चा की जानकारी दी। प्रबंधन द्वारा कुछ समय से बाहरी एवं बड़े ठेकेदारों को षड़यंत्र पूर्वक लाकर काम दिलाया जा रहा है। पंजीकृत ठेकेदारों को भी दरकिनार कर बड़े ठेकेदारों के हित को ध्यान में रख कर टेंडर बनाया जा रहा है, जिसका विरोध किया गया। बैठक में अध्यक्ष मदुसूदन शर्मा, महासचिव विद्यासागर त्रिपाठी, आर मधुसूदन नायर, इंद्रजीत सिंह, मनीष कुमार शर्मा, राजेंद्र यादव, उमाकांत खंडेलवाल, ब्रजेश सिंह, राजेश कुमार साह सहित अन्य मौजूद थे।

- बीएसपी कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठन पर बनी सर्वसम्मति



सेल कारपोरेट अफेयर्स व एसएसपी की पहल

## अब सेल कर्मचारियों को रियायती दर पर मिलेंगे स्टेनलेस स्टील यूटिलिटी उत्पाद, 35 प्रति.छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने वर्तमान और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एक विशेष रियायत योजना की घोषणा की है। इसके तहत वे सेल के सेलम स्टील प्लांट (एसएसपी) द्वारा निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील यूटिलिटी उत्पादों पर 35% की विशेष छूट का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल सेल के कॉरपोरेट अफेयर्स डिवीजन और सेलम स्टील प्लांट द्वारा शुरू की गई है। यह योजना केवल सेल के कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए लागू होगी और इसका उद्देश्य स्वदेशी रूप से निर्मित, खाद्य-ग्रेड स्टेनलेस स्टील उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। योजना के अंतर्गत छूट प्राप्त उत्पादों को सेल की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन ऑर्डर किया जा सकता है। इसके लिए एक समर्पित ऑनलाइन फॉर्म उपलब्ध कराया गया है। सेलम स्टेनलेस स्टील प्लांट ने अपनी वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स (वीएप) श्रृंखला के तहत घरेलू उपयोग हेतु एक विविध और व्यापक उत्पाद रेंज तैयार की है।



### स्वच्छता व मजबूती की दृष्टि से हैं उत्तम

वीएपी के तहत डिनर सेट, कैसरोल, लंच बॉक्स, पानी की बोतलें, भंडारण कंटेनर, कुकवेयर, सर्विंगवेयर, टंबलर और फ्लास्क जैसे स्टेनलेस स्टील घरेलू सामान शामिल हैं। ये उत्पाद न केवल स्वच्छता और मजबूती की दृष्टि से उत्तम हैं, बल्कि इनकी डिजाइन भी आधुनिक घरेलू आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यंत सुरुचिपूर्ण ढंग से तैयार की गई है।

## प्रवर्तन टीम ने हटाए दर्जनभर कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा टाउनशिप में यातायात व्यवस्था सुगम करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे बेदखली अभियान के दूसरे दिन कब्जा कर व्यवसाय कर रहे ठेलों को हटाया गया। सेक्टर-6, साईं बाबा मंदिर रोड, जेपी चौक सुपेला अंडर ब्रिज, चंद्रा-मौर्या टॉकीज अंडर ब्रिज तथा सेक्टर-1 फ्लाईओवर ब्रिज आदि प्रमुख मार्गों से ठेला, खोमचे और गुमटी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

एक दर्जन से अधिक अवैध कब्जे हटाए और चार ठेलों को जप्त भी किया। सड़क किनारे अतिक्रमण कर कई ठेलों व खोमचों को सख्त समझाइश दी गई। इससे एक दिन पूर्व सेक्टर-10 और सेक्टर-8 क्षेत्रों में अतिक्रमणकारियों और लंबे समय से लावारिस खड़े पुराने वाहनों व ठेलों के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई की गई थी। कब्जाधारियों के विरुद्ध न अभियान जारी रहेगा।

## जल्द ही सहायक शिक्षक भर्ती की छठवीं लिस्ट जारी करने पर दिया जोर

# डीएड-डिप्लोमा अभ्यर्थियों ने रिक्त 1316 पदों पर नियुक्ति को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ डीएड- डिप्लोमा अभ्यर्थी संघ ने मंगलवार को नियुक्ति को लेकर प्रदेशस्तर पर प्रदर्शन किया।

- केबिनेट मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से की मांग

दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए। सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6 वी लिस्ट जारी करने की मांगो को लेकर अभ्यर्थी कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से मिलकर अपनी मांगो को रखा।

### कोर्ट के आदेश का हो पालन

संघ ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती 2023 का मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया था। जिसमे कोर्ट ने आदेश पारित किया है कि बीएड अभ्यर्थियों की जगह योग्य डीएड अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्त किया जाए। डीएड अभ्यर्थियों की पंचम चरण की कॉउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें लगभग 2615 अभ्यर्थियों को केवल 1:1 मे बुलाया गया था जिसमे नॉन डीएड अभ्यर्थी व अपात्र लोगों को भी बिना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के स्कूल अलॉट कर दिया गया। जिसके कारण अभी 50% सीटें रिक्त रह गई हैं, वर्तमान मे रिक्त पदों की संख्या 1316 है।



### दो महीने बाद भी छठवीं लिस्ट जारी नहीं

संघ ने बताया कि पंचम चरण की कॉउंसलिंग के 2 माह पश्चात भी अब तक विभाग द्वारा इन रिक्त पदों पर 6 वी चरण की लिस्ट जारी नहीं किया जा रहा है न हीं किसी प्रकार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जा रही है। अभ्यर्थी बार- बार विभाग जाकर थक चुके हैं। विभाग जाने पर भी अधकारियों द्वारा स्पष्ट और सही जानकारी नहीं दिया जा रहा है। बस टालमटोल हो रहा है।

### अभ्यर्थी खा रहे हैं दर-दर ठोकर

अभ्यर्थियों ने कहा कि नियमतः विभाग को पंचम चरण की काउंसलिंग पश्चात तत्काल छठवे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ करनी थी क्योंकि अभी भी भर्ती की वैधता 1 -07-2025 तक बची हुई हैं। लेकिन विभाग नियमों को दरकिनार कर अभ्यर्थियों की मांग को अनदेखा कर रही है। जिससे अभ्यर्थी दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हो रहे हैं।

## वैशालीनगर विस क्षेत्र के 37 वार्डों में समस्याओं का है अंबार, भाजपा ने की वादा खिलाफी

**भिलाई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर की बैठक में जनता से जुड़ी समस्याओं, निगम कार्यालय, पुलिस विभाग में जन समस्या निवारण के लिए प्रदर्शन के साथ कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग को ज्ञापन सौंपना जैसे विषय को लेकर सहमति बनी। बैठक शीतला मंदिर रामनगर मुक्ति धाम में हुई।

- कांग्रेस ने की शराब दुकानें हटाने और लोगों की समस्याओं को लेकर उग्र प्रदर्शन की तैयारी

अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप की अध्यक्षता में आगामी कार्ययोजनाओं पर सहमति बनाई गई। बैठक में जानकारी दी गई कि वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के 37 वार्डों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। शराब दुकान की वजह से महिलाओं और युवतियों का गुजरना मुश्किल हो गया है। भाजपा ने जो वादे किए, उसे भी पूरा नहीं किया। ऐसे मुद्दों को लेकर उग्र प्रदर्शन के लिए रणनीति बनाई गई। वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के 37 वार्डों की समस्याओं को लेकर निगम में प्रदर्शन की तैयारी है। इसमें सरकार के वादा खिलाफ के तहत विशाल प्रदर्शन की भी जानकारी दी गई। बैठक में पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दे को लेकर हमेशा से प्रदर्शन करती रही है, जिससे समस्याओं का समाधान हो सके। बैठक में फारुख खान, रविन्द्र सिंग, मो. रफीक, आनंद डोंगरे, शोयब खान, बलदाऊ पिपरिया, अजय शिवबारिकर सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### जनमन पत्रिका का वितरण

दुर्ग। सुशासन तिहार के अंतर्गत अंजोरा ख में आयोजित समाधान शिविर में शासन की मासिक पत्रिका जनमन का वितरण किया गया। पत्रिका में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और नवाचारों की जानकारी दी गई। पत्रिका के माध्यम से आम नागरिक यह जान पाएंगे कि उनके हित में कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं शिविर में 15 ग्रामों से आए ग्रामीणजनों को जनमन की प्रतियां एवं पाम्पलेट वितरित की गई। ग्रामीणों ने भी जनहित की योजनाओं के बारे में पढ़ने में रुचि दिखाई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### उरला वार्ड से कचरा डंपिंग हटाने की मांग



दुर्ग। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष सचिन गवई ने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उरला वार्ड से कचरा डंपिंग हटाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि उरला वार्ड में नगर निगम दुर्ग द्वारा कचरा डंपिंग रिसायकल प्लांट बनाया जा रहा है। जहां पर शहर का पूरा कूड़ा कचरा लाकर जलाया जाता हैं। जिससे यहां के स्थानीय निवासियों की दिनचर्या एवं स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कचरे से गंदगी तथा महामारी फैलने की आशंका है। जब से यहां पर कचरा डंपिंग बनाया गया है तब से वहां के स्थानीय निवासियों में काफ़ी आक्रोश और नाराजगी है जिसे लेकर आए दिन वहां के निवासियों द्वारा प्रदर्शन किया जाता है।

### केंद्रीय विद्यालय की दिव्या को मिला 94.4% अंक

उतई। उतई स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ मुकेश कुमार मेश्राम की



पुत्री दिव्या मेश्राम ने सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स संकाय में 94.4% प्रतिशत अंक अर्जित कर केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की टॉपटेन सूची में प्रथम स्थान बनाया है। इस उपलब्धि पर नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिनारायण देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री सोनू राजपूत, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, प्रवीण यदु अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा उतई मंडल, नगर अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, खूबीराम साहू, संगीत रजक आदि ने खुशी जताई है।

### नए कलेवर में नजर आएगी क्राइम टीम, दागियों को नहीं मिलेगा मौका

भिलाई। जिले की क्राइम टीम एक बार फिर चर्चा में है। खबर है कि नए पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल क्राइम ब्रांच का कलेवर बदलने जा रहा है। बेदाग छवि, ईमानदार पुलिस कर्मियों को इसमें तैनाती होगी। दागी पुलिस कर्मियों पर लगातार कार्रवाई क्राइम ब्रांच को रिस्ट्रक्चर किए जाने की एक शुरुआत बताई जा रही है। बता दें कि प्रदेश में क्राइम ब्रांच को 28 दिसंबर 2018 में भंग कर दिया गया था। इसके बाद वर्ष 2022 में तीन जिलों में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एसीसीयू) के नाम से इसे फिर शुरू किया गया। दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर में इसकी शुरुआत की गई। इन जिलों में क्राइम ब्रांच के भंग होने के बाद से लगातार अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा था। इसे रोकने के लिए एसीसीयू की टीम बनाई गई।

# हाईवे में लाइट बंद होने से सड़क की रौनक गायब, ब्लैक आउट के हालात

## बारिश होने के बाद कई दिनों से बंद हैं लाइटें, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हल्की बारिश और हवा तूफान के बाद पिछले पखवाडेभर से दुर्ग शहर में ब्लेक आउट की स्थिति निर्मित हैं। दुर्ग बाईपास से लेकर पुलगांव चौक और नेहरू नगर तक सडक के बीच में लगे स्ट्रीट लाइटें बंद है। जिससे वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड रहा है। हाइवे में इस तरह बिजली बंद होने से कभी भी बढी दुर्घटना घट सकती हैं। बाईपास से लेकर नेहरू नगर तक चौडीकरण के बाद करोडों की लागत से स्ट्रीट लाइटे लगाई गई है। हाल के आलावा यहां आय दिन लाइटे बंद होने की शिकायत सामने आते रही है। वर्तमान में पिछले पखवाडेभर से स्ट्रीट लाइट बंद होने से दुर्ग शहर में ब्लेक आउट की स्थिति निर्मित है। विद्युत यांत्रिकीय विभाग के अफसर इससे अंजान है। लाइट बंद होने से शहर की सुंदरता भी ठप हो गई हैं। पुलगांव चौक तिराहा होने के कारण दुर्ग से रोजाना हजारों वाहन बालोद और नागपुर हाइवे की ओर गुजरते है। लेकिन स्ट्रीट लाइट बंद होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं।

### हाल ही में लगी लाइटे भी बंद

इंदिरा मार्केट में पटेल चौक से लेकर रेल्वे स्टेशन रोड में नगरनिगम द्वारा डिवाइडर के बीच में स्ट्रीट लाइटे लगाई गई हैं। लाइट लगाने के कुछ ही दिन यह चली। वही अब तक लाइटे यहां बंद है। लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी लाइट की सुविधा आम लोगों को नही मिल पा रही है। नगरनिगम द्वारा चुनाव के पहले यहां लाइटे लगाई गई थी।



**बैठक : क्रियान्वयन इस प्रकार हो कि उसका सीधा लाभ आमजनता को मिले**

# अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत होंगे लापरवाही पर होगी सख्त कार्यवाही

## सीएम ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर जताई चिंता, तीन जिलों की एकसाथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुशासन तिहार के तहत दुर्ग मुख्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री ने दुर्ग, बालोद और बेमेतरा के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होने सक्त चेतावनदी देते हुए कहा है कि, अच्छे कार्य पर अफसर और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा, वहीं अगर लापरवाही दिखी तो जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होने इस दौरान लंबित राजस्व प्रकरण के प्रति नाराजगी जताते हुए नियमित कोर्ट खोलकर तेजी से प्रकरणों का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आम लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं के तेजी से निराकरण के लिए कलेक्टरों को नियमित रूप से राजस्व न्यायालय का संचालन करने और इसके लिए तिथि निर्धारण के लिए सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी ने सुशासन तिहार में सक्रिय भागीदारी और परिश्रम से अच्छा कार्य किया है। आप सभी ने संकल्प लेकर नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य किया है, यह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ हमें और बेहतर करने की आवश्यकता है और यह मैं इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि हम सभी जनता के सेवक हैं। हमें यह अवसर मिला है, उन्होंने कहा कि हमारी समस्त योजनाएं आम जनता को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं। श्री साय ने कहा कि, जनहित में किए गए अच्छे कार्यों की हमेशा प्रशंसा होती है और जो अधिकारी अच्छा कार्य करेंगे उन्हें हम पुरस्कृत भी करेंगे। वहीं यदि योजनाओं में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक सर्व डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, रिकेश सेन एवं ईश्वर साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, संभागायुक्त एसएन राठौर, आईजी आरजी गर्ग, तीनों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### पेयजल के लिए करे पुख्ता व्यवस्था

सीएम ने कहा वर्तमान में गर्मी के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने आम जनता को पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा जल संरक्षण हेतु किसानों को फसल चक्र अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। श्री साय ने कहा राजस्व से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए शिविरों का आयोजन आगे भी नियमित रूप से किया जाए। अधिकारी राजस्व न्यायालय के लिए एक निश्चित दिवस तय करे।

### कहा कोर्ट नियमित खोलें मिली है शिकायत

मुख्यमंत्री ने कहा ने कहा यहां कोर्ट नियमित नही खुलने की शिकायत मिल रही हैं। उन्होने कहा जिस दिन तिथि दी जाती हैं, उस दिन कोर्ट खुला रखे। उन्होने पेडिंग प्रकरणों को तेजी से निपटाने कहा। अविवादित नामांतरण के मामले में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए और किसानों को मुआवजा राशि जारी करने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राप्त आवेदन के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। वहीं ड्रोन दीदियों के प्रशिक्षण पुख्ता व्यवस्था की जाए, ताकि आत्मनिर्भर बन सकें। ऐसे समूहों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है।

### किसानों ने लिया धान की फसल नहीं लेने का फैसला

बैठक में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण की प्रगति, संस्थागत प्रसव की स्थिति, स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट्स की तैनाती, और सिकलसेल स्क्रीनिंग की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए। बेमेतरा जिले के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जिले के कई इलाकों में भू जल स्तर काफी नीचे चला गया है। पानी की इसी समस्या को देखते हुए जिले के कई इलाकों में ग्रामीणों ने मिलकर गर्मी के मौसम में धान की खेती न करने का बड़ा निर्णय लिया है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर होगी कड़ी करवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और इसका प्रमुख कारण शराब पीकर वाहन चलाना भी है। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए लोग हेलमेट पहनें और सीट बेल्ट जरूर लगाएं। इस आशय से अभियान चलाकर लोगों को जागरूक और कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट हटाने के लिए इस वर्ष बजट में विशेष प्रावधान किए है और उसका प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भेजने के निर्देश भी दिए।

### सीएम ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने भारतीय न्याय संहिता लागू होने के पश्चात पंजीकृत मामलों और उन पर हुई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए, ताकि न्याय की संकल्पना पूर्ण रूप से साकार हो। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अपराध में वृद्धि हो रही है, इसके खिलाफ लगातार कड़े कदम उठाएं। श्री साय ने कहा कि सभी किरायेदार की सूचना पुलिस के पास हो और मकान मालिकों को इसके लिए विशेष निर्देश दिए जाए।

# मनवा कुर्मी छात्रावास एवं धर्मशाला में पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में स्थित मनवा कुर्मी छात्रावास एवं धर्मशाला जो कि वार्ड नंण 11 शंकर नगर दुर्ग में स्थित एक सामाजिक संस्था है। वार्ड के लोगों ने शिकायत में कहा हैं किए सामाजिक संस्था के नाम पर अपना व्यवसायीकरण कर रखा है। प्रबंधन द्वारा गैर जिम्मेदाराना तरीके से भवन विवाह समारोह हेतु दिया जाता है।

जबकि भवन के पास कोई पार्किंग की सुविधा नहीं हैए जिसके कारण आसपास के लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होने कहा हैं जिस भवन में पार्किंग की सुविधा ना हो वहां किसी भी कार्यक्रम के दौरान अवैध पार्किंग किया जाना घोर अपराध है। मांगलिक प्रांगण संचालन अधिनियम के तहत किसी भी भवन में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था होना आवश्यक हैए तभी कोई संस्था उसे मांगलिक कार्यक्रम हेतु किराये पर दे सकती है।

धर्मशाला में ना पार्किंग की व्यवस्था है और ना ही टायलेट इत्यादि की व्यवस्था है टायलेट का पानी सार्वजनिक नाली में सड़क किनारे प्रवाहित किया जाता रहा है। वार्डवासियों ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में कहा हैं किए मांगलिक समारोह विवाह आदि के लिए आवासीय क्षेत्र में पूर्ण रूप से प्रतिबंध हो। आवासीय क्षेत्र जहां प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल संचालित है वहां डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद डीजे की अनुमति प्रशासन द्वारा दी जाती है। इस पर भी कार्यवाही हो।

### दक्षिण पूर्व मानसून सक्रिय होने के आसार शाम अच्छी बारिश से लोगों को राहत

भिलाई। ट्विनसिटी का पारा प्रदेशभर में सबसे ज्यादा रहा। पूरे दिन 41.6 डिग्री सेल्सियस की तपिश से ने लोगों को बैचेन कर दिया लेकिन जैसे ही शाम हुई अच्छी बारिश भी हो गई। आधे घंटे की तेज बारिश के बाद भी रात तक बूंदाबांदी भी होती रही। इस बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग ने इस बदलाव की वजह दक्षिण पूर्व मानसून के पहले की सक्रियता बताई है। अपरान्ह 4 बजे से ही तेज धूप गायब हो गई।

### उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर में बच्चों को दिए सफलता के टिप्स

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आसाराम बापू की बालसंस्कार विभाग द्वारा तीन दिवसीय उज्वल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में किया गया। शिविर के प्रथम दिन शिविर में शामिल हुए बच्चों को उच्च संस्कार दिए गए। बालसंस्कार विभाग द्वारा बच्चों को बताया गया कि सुबह की शुरुवात सूर्य उदय से पहले उठ कर करना चाहिए। स्नान, ध्यान, आसान, प्राणायाम, शुद्ध हवा में करनी चाहिए जिससे स्वास्थ्य तंदुरुस्त रहे, मन प्रसन्न रहे। बताया गया कि सुबह आप पढ़ाई लिखाई जो करोगे वो जल्दी याद रहेगा। देर रात पढ़ाई नहीं करनी चाहिए। उससे नींद नहीं पूरा होने पर डिप्रेशन शिकार होते है। मोबाइल जरूरी है लेकिन उपयोग होने तक जरूर करें। आप भगवान नाम जाप की माला जरूर करें। कार्यक्रम में भिलाई-दुर्ग के अलावा और भी गांव से सैकड़ों की संख्या में बच्चे आए हुए थे।

# बालोद में नन्हे रोजदार का किया गया सम्मान

## ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन का कार्यक्रम जामा मस्जिद में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, सभी ने की तारीफ





ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के बैनर तले 4 साल से 12 साल के बच्चों को उनके रोजा का इनाम मोमेंटो और सनद देकर उनका हौसला अफजाई की गई। मालूम हो कि पूरे प्रदेश में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की जानिब से नन्हे रोजदार के बैनर तले इनाम दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जामा मस्जिद के सामने शानदार प्रोग्राम के जरिए पूरे प्रदेश की टीम के साथ 150 बच्चों और उनके वालिद वालिदा के साथ मुस्लिम समाज के बुजुर्ग नौजवान मस्तूरातो की बड़ी तादात मौजूद रही। पूरे प्रोगाम को समाज के लोगों ने काफी सराहा। यह कार्यक्रम बालोद जिला अध्यक्ष और उनकी टीम का था। इसमें जिला अध्यक्ष अजहर कुरैशी के साथ रहीम मोहम्मद, बशीर खान, इस्माइल खान, कामरान खान,आवेश मेमन, अरमान अंसारी, हकीम ताज, रिजवान कुरैशी, निजामू कुरैशी , मोनू खान, जमील बख्श, हक्कानी हसन, सलीश कुरैशी, अमान खान सहित बालोद जिले की पूरी टीम मेजबान थी। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष सिराज भाई, जुबेर खान प्रदेश उपाध्यक्ष, फहीम अंसारी प्रदेश सचिव, शबान खान रायपुर संभाग अध्यक्ष, शाहबाज खान, यासिर भाटी रायपुर शहर अध्यक्ष, आसिफ भींड सरा, सैयद फैसल इमाम प्रदेश मीडिया इंचार्ज के साथ दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद खान और अर्शिया आलम बाजी (हमशीरा ग्रुप ) दुर्ग संभाग अध्यक्ष, जामा मस्जिद बालोद के सदर शाहिद अहमद खान पूरे प्रोग्राम के दौरान मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। इस प्रोग्राम की खुले मन से सबने तारीफ की। इस मौके पर सदर ने फाउंडेशन को ग्यारह हजार रुपए बतौर सहयोग अपनी ओर से प्रदान किया। प्रोग्राम के आखिर सभी लोगों के लिए भोजन का इंतजाम बालोद जिला की टीम ने किया, जो याकूब खान के देखरेख में किया गया। प्रोग्राम के तमाम लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। आखिर में सबका शुक्रिया अर्शिया (हमशीरा ग्रुप) संभाग अध्यक्ष दुर्ग ने किया।

### हज में जाने वाले अब्दुल कादिर का इस्तकबाल

पूरे प्रोग्राम की निजामत अधिवक्ता आदिल हामिद सिद्दीकी ने किया। प्रोग्राम के दौरान इस साल हज यात्रा में जाने वाले हाजी अब्दुल कादिर मनिहार का गुलपोशी और शाल ओढ़ाकर इस्तकबाल किया गया।

# सुशासन की सटीक अवधारणा रानी अहिल्याबाई ने साकार किया: खूबचंद



दुर्ग। महारानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के आयोजन के निमित्त दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता खूबचंद पारख की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुई आयोजित बैठक मंचासीन अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक गण ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, निवृत्तमान जितेंद्र वर्मा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी ,चंद्रिका चंद्राकर ,अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम जिला संयोजक दिलीप साहू, किसान नेता प्रितपाल बेल चंदन, अहिल्याबाई होलकर जयंती कार्यक्रम समिति के सदस्य दिव्या कलिहारी, शैलेंद्र शैंडे उपस्थित रहे । आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता खूबचंद पारख नेताओं ने अपने संबोधन में अहिल्याबाई होल्कर की जीवन एवं उनके शासनकाल पर प्रकाश डाला ।अहिल्याबाई होलकर जयंती के दुर्ग जिला कार्यशाला के मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हो रहे जन कल्याण और महिला सशक्तीकरण के काम महारानी अहिल्याबाई के शासनकाल से पूरी तरह जुड़ाव रखते हैं। डॉ बालमुकुंद देवांगन, राजेंद्र पाध्ये, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, अरविंदर खुराना सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### मौमस का कहर ...

स्कूल-कॉलेजों और कार्यालयों पर भी असर

अचानक बदले मौसम ने विद्यालयों और कार्यालयों के समय पर भी असर डाला। कई शिक्षण संस्थानों ने समय पूर्व छुट्टी घोषित कर दी, ताकि छात्र सुरक्षित घर लौट सकें। वहीं, कार्यालयों में भी कार्य बाधित हुआ और कर्मचारियों को समय से पहले घर भेजा गया।

**प्रशासन और राहत कार्य:** स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। पेड़ों और बिजली के खंभों को हटाने का कार्य जारी है, और विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए बिजली विभाग की टीमें कार्य में जुटी हुई हैं। नगर पालिका द्वारा सड़कों पर जमा पानी की निकासी के लिए पंपिंग की व्यवस्था की जा रही है।

**स्थानीय जनता की प्रतिक्रिया:** दल्लीराजहरा स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की तेज आंधी और तूफान काफी समय बाद देखने को मिली है। कई लोगों ने अपने घरों में हुए नुकसान की जानकारी दी और प्रशासन से शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

**मौसम विभाग की चेतावनी:** मौसम विभाग ने आगामी 24 से 48 घंटों के भीतर फिर से मौसम में बदलाव की संभावना जताई है और लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

### गाज गिरने से तीन ...

के साथ आकाशीय बिजली उस पेड़ पर आ गिरी। हादसे मे देवतराई निवासी 65 वर्श रामजी ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। वही पास मे खड़े अन्य तीन मजदूर संतु राम यादव 60 वर्श, राजकुमार ठाकुर 51 वर्श तथा ओटेबंद निवासी गोविंद ठाकुर आकाशीय बिजली चपेट मे आकर घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणो की मदद से मृतक और घायलो को जंगल से गांव तक लाया गया, जहां से उन्हे संजीवनी 108 एंम्बूलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल मजदूरो का अस्पताल मे उपचार जारी है। वन विभाग के अनुसार सभी मजदूर विभागीय कार्य के सिलसिले मे जंगल मे मौजूद थे। जिला प्रशासन द्वारा घटना की जांच की जा रही है और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने की बात कही गई है।

### भाठापारा में आंधी में पेड़ ...

अचानक महिला के सिर पर गिरने व गंभीर चोट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणो की भीड़ जुट,घटना स्थल पर मौके पर पहुचे अंडा पुलिस ने शव को पीएम कराने दुर्ग भेजकर, पुलिस विंवेचना में जुटी है। -

### आत्मानंद स्कूल डोम ...

कर दिया गया है। जारी निरस्तीकरण पत्र मे पत्र जारी करने की तिथि 19 मई दर्ज है, जबकि 20 मई की देर रात्रि तक तीनो निविदा को निरस्त करने संबंधी जानकारी किसी को भी नही थी।

20 मई की देर शाम तक लगातार शिकायतों का दौर जारी था, लेकिन शिकायतकर्ताओं को 20 मई की देर शाम तक किसी ने भी नही बताया कि निविदा निरस्त कर दी गई है। इससे भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कार्य"ैली पर कई सवाल खड़े हो रहे है। द्वारा इसके बाद पूर्व में डीएमएफ फंड से कार्य कराए गए है अब उन कार्य की जांच भी कराने की मांग होने लगी है।

### जन संवाद से कांग्रेस को ...

नियमति नहीं मिलना, मनरेगा कार्य सुचारु रूप से नहीं चलना, क़ानून व्यवस्था नहीं होना, भारत माला परियोजना में मुवावजा नहीं मिलना,अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, पानी टंकी जर्ज़र, किसानों को खाद नहीं मिलना,महिला समूहों को काम नहीं मिलना,अवैध शारब गांव गांव में बिकना, युवाओं को रोजगार नहीं मिलाना, बिजली कटौती जैसे कई मूल भूत सुविधाओं की भारी कमी से उन्हें अवगत कराया है, जिसे सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण हेतु विभाग के अधिकारियों को बात करने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर , प्रदीप चन्द्राकर अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस कमेटी,राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, नंद कुमार सेन अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड, रिवेन्द्र यादव , देवेन्द्र देशमुख,झमित गायकवाड़, योगिता चन्द्राकर, विकास चन्द्राकर, मोहन लाल साहु, चुन्नू लाल चन्द्राकर, जगदीश दीपक जी, खुमान निषाद (संरपच कोड़ीया),चन्द्र कुमार चन्द्राकर, रोशन साहु , रोहित साहु , भुपेंद्र शर्मा, बलदाऊ साहु, जयकुमार साहु ,मीना यादव ( सरपंच पाऊवारा) पुर्णिमा साहु उपसरपंच , राजेश साहु , छबिल क्षत्रिय, किशोरी साहु, महेन्द्र साहु , राम किशुन साहु सहित कांग्रेस के पदाधिकारी गण सहित बड़ी संख्या मौजूद थे।

वाके मौजा ग्राम जेवरतला, प.ह.नं. 04, रा. नि.मं. जेवरतला, तहसील मार्री बंगला-देवरी, जिला बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 910/12, 910/13 रकबा क्रमशः 0.01 हे., 0.15 हे., कुल ख.नं. 02, कुल रकबा 0.16 हे. और ग्राम भरदा, प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. देवरी, तहसील मार्री बंगला देवरी, जिला बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 98 252, 285, 476, 546, रकबा क्रमशः 0.25 हे. 0.52 हे., 0.36 हे., 0.13 हे., 0.46 हे., कुल ख.नं. 05, कुल रकबा 1.72 हे. के सम्बन्ध में ।

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पक्षकार थानेन्द्र आ. कबलू राम, उम्र-40 वर्ष, जाति कोष्टा, ग्राम भरदा, प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. देवरी, तहसील मार्री बंगला देवरी, जिला बालोद (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार व निर्देश से सूचित हो कि उपरोक्त वर्णित ग्राम एवं भूमि-सम्बंध में सह खातेदार (1) रोहित कुमार आ. कबलू राम, उम्र-36 वर्ष, (2) कुलेश्वर आ. कबलू राम, उम्र- 38 वर्ष, (3) हेमलता आ. कबलू राम, उम्र- 34 वर्ष, जाति-कोष्टा निवासी ग्राम-भरदा,प.ह.नं.-05, रा.नि.मं.- देवरी, तहसील मार्री बंगला देवरी, जिला-बालोद (छ.ग.) से खाता विभाजन का मामला न्यायालय में चल रहा है। जो कि अभी श्रीमान आयुक्त महोदय दर्ग में अपील प्रकरण 279/अ-27/2024-25 और 278/अ-27/2024-25 लंबित है। मेरे पक्षकार को जानकारी हुई है कि मेरे पक्षकार के उपरोक्त सह खातेदार दोनों ग्राम की भूमि को विक्रय अथवा अन्य तरीके से हस्तांतरण करना चाह रहे है। अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था आदि द्वारा क्रय संव्यवहार किया जा रहा हो उसे तत्काल रोक ले अन्यथा बाद विक्रय विलेख अवैध व शून्य होगी, जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने ।

स्थान :- डौण्डीलोहारा
दिनांक- 21.05.2025

देवेन्द्र जायसवाल
अधिवक्ता
डौण्डीलोहारा
जिला बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### 12वीं में प्रिया को मिले 88.6 प्रतिशत अंक

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



अचौद मे कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा मे प्रिया चंद्राकर पिता डोमेन्द्र चंद्राकर ने 88.6 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। वे पूर्व सरपंच बिसाहू चंद्राकर एवं अनुसुइया चंद्राकर के पौत्री है। साथ ही कुमारी चन्द्रकिरण साहू 87–5 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा मे द्वितीय स्थान प्राप्त की। इन दोनों छात्रें ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा मे उत—ष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य टी सुब्बाराव संहित सभी शिक्षकगण एवं पालक समिति के सदस्यों ने हर्श व्यक्त किया।

### अधिष्ठाता डा. चौधरी को पिछड़ा वर्ग ने दी बधाई

**अंडा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ विवेक चौधरी को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने कैंसर विभाग में जाकर बधाई दी। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा- आपने डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल का नाम रोशन किया है आपने कैंसर के इलाज का हब बना दिया है। निश्चित रूप से अधिकांश मरीज ठीक होकर जा रहे हैं। इस अवसर पर अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉक्टर अनिल बघेल, सर्जरी विभाग के अधीक्षक श्रीमती मंजू सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, पिछड़ा वर्ग के युवा प्रदेश महासचिव अमर सिंह कुशवाहा, श्रेयस बैरागढ़े, दिनेश करढ़भुजे, सत्यम श्रीवास्तव, दिनेश सोनकर, राजेश वैष्णव, जाहिद कुरैशी, अनिल पुरैना, हरि साहू आदि अनेक कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे और हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का आनलाइन पंजीयन जारी

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2025–26 हेतु कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीनीकरण 31 मई तथा नवीन पंजीयन 31 अगस्त तक की तिथि निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त ने बताया कि वर्श 2025–26 से छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। पीएफएमएस द्वारा आधारित भुगतान की जा रही है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि सुर्िनि”चत करने को कहा है। इसके साथ ही सत्र 2024–25 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन करते समय किया जाना है। ओटीआर की प्रविष्टि के संबंध में संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों को अधिक जानकारी प्रदान की जाएगी।

**आयोजन : मुख्यमंत्री साय की मंशा के अनुरूप समस्याओं का किया गया निराकरण : विधायक निषाद**

# दुधली और अर्जुनी टिकरी के समाधान शिविर में दर्जनों गांव के ग्रामीण पहुंचे व समस्याओं का किया निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली और गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी टिकरी में आयोजित समाधान शिविर के दोनों कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत के ग्रामीण सम्मिलित हुए।

डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल दुधली में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम दुधली के अलावा ग्राम संबलपुर (लो), सेम्हरडीह, बिजौरा, कोचेरा, कोबा, खैरा, खपरी, रेंगनी, खरथुली, चिल्हाटीकला, बड़गांव, भेडी (लो), धनगांव, कसही (लो), सिवनी, बटेरा, भरदा (लो), बैहाकुंआ, कोरगुड़ा, गैंजी के निवासी शामिल हुए। इसी प्रकार गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी टिकरी के समाधान शिविर में ग्राम



अर्जुनी टिकरी के अलावा ग्राम चंदनबिरही, चिचलगोंदी, रौना, कान्दूल, अर्जुनी टिकरी, बोरगहन, अ. परसतराई, परना, रेहची, खर्रा, कोटगांव, सनौद के निवासी शिविर में शामिल हुए।

सुशासन तिहार के अवसर पर डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली में आयोजित समाधान शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर, राजाराम तारम, जनपद पंचायत अध्यक्ष डौण्डीलोहारा कांति सोनबरसा, उपाध्यक्ष कौशिल्या ठाकुर, जनपद सदस्य डोमेन्द्र राजपूत, टिकेश्वरी साहू, तेजेश्वरी दुग्गा, ग्राम पंचायत सरपंच पिले”वरी नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी टिकरी में आयोजित समाधान शिविर में विधायक कुंवर सिंह निशाद, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरूशोत्तम चंद्राकर, उपाध्यक्ष नितेश मोंटी यादव, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद सदस्य किरण तारम, उमेश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणजन मौजूद थे। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली में देवलाल ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्र विष्णुदेव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा शासकीय योजनाओं में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुर्िनि”चत करने सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में र्िनि”चत रूप से इसका दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा। चेमन देशमुख ने सुशासन तिहार को आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल कर समयबद्ध तरीके से उनका निराकरण करने का महत्वपूर्ण अभियान बताया।

### 3799 आवेदन मिलने की जानकारी दी

आज दुधली कलस्टर के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 798, खाद्य विभाग को 401, विद्युत विभाग को 99, राजस्व विभाग को 197, समाज कल्याण विभाग को 279, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 817, महिला एवं बाल विकास विभाग को 194 एवं शिक्षा विभाग को 59 सहित कुल 3799 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी टिकरी में आयोजित समाधान शिविर के दौरान खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 159, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1951, महिला एवं बाल विकास विभाग को 264, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 125, श्रम विभाग को 133, समाज कल्याण विभाग को 349 सहित कुल 3307 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

### 3307 आवेदनों पर निराकरण सुनिश्चित किया

सुशासन तिहार के पहले चरण के दुधली कलस्टर में शामिल 20 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 3799 एवं अर्जुनी टिकरी कलस्टर में शामिल 11 ग्राम पंचायत के लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 3307 आवेदनों का संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुर्िनि”चत किया गया। आज जिले के शिविरों में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया।

## युक्तिकरण से 4000 हजार सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

भाजपा सत्ता में आने के बाद आपा खोकर शिक्षा विभाग को मानो प्रयोगशाला बना लिया, जहां प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाकर शिक्षा विभाग को सुधारने का ढोल पीट रही है।



■ भाजपा ने शिक्षा विभाग को प्रयोगशाला बनाया : ताम्रध्वज साहू

उक्त बातें कांग्रेस सरकार के पूर्व गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधायक रहे ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश के विष्णुदेव सरकार पर तंज कसते हुए कही। वही दूसरी ओर स्कूली विभाग के शालाओं और शिक्षको का युक्तिकरण के कदम से पूरे प्रदेश भर में तकरीबन 4000 हजार सरकारी स्कूल बंद हो जायेंगे, वहा कार्यरत स्कूल के सफाई कर्मी और बरसात, ठंड व गर्मी में बच्चो को आग में तपकर दशको से मिड डे मिल बनाने वाले हजारों रसोईया, सफाई कर्मी बेरोजगार हो जायेगें।

उन्होने कहा नियमो को देखकर लगता है, सरकारी स्कूल शिक्षा का मंदिर की गांरटी नही वरण सिर्फ भोजन की गांरटी बन कर रह जायेगा, कैसे बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता, जब सेटअप ही रहेगा कमजोर, हजारो डिग्रीधारी युवा वर्ग बेरोजगार हो जायेंगें, वही विडम्बना है, कि मातृशक्ति को सम्मान देने महतारी वंदना में एक हजार देकर वाहवाही बटोर रही है सरकार।

ताम्रध्वज साहू ने कहा नये सत्र से 67 नई शराब दुकान खोलने से युवाओं में शराब पीने का क्रेज बढ़ते जा रहा है, शराब लोगो को आसानी से हाथो हाथ मिल रही है, प्रदेश में कानून व्ययवस्था बिगड़ते जा रहा है, अपराध लूट, डकैती, हत्या, चोरी, लुटपाट सहित अपराध का गढ़ बन रहा है छत्तीसगढ, वही प्रदेश सरकार सुशासन राज का डिंडोरा पीट रहा है, जनता सरकार के मनमानी रवैये का समय पर जबाव जरुर देगी। ग्रामीणों द्वारा लगातार पेयजल, कानून व्यवस्था, भारतमाला परियोजना, मनरेगा का सुचारु रुप से कार्य नही होना, गांव में अवैध शराब बिकना, बिजली कटौती, अवैध खनन जैसे कई समस्याएं है।

### फरार गांजा तस्कर ओडिशा से गिरफ्तार

**भिलाई।** फरार गांजा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 20 (ख) 27 (क) नारकोटिक्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि रायगढ़ा उड़िसा निवासी अरूण छाती लंबे समय से फरार था। उसे उड़िसा से पुलिस पकड़ कर लाई है। जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है।

**ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा की वार्षिक आम सभा सम्पन्न**

## देवांगन समाज की सभा में धर्मांतरण, अंतर जाति विवाह और सामाजिक विसंगतियों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडीलोहारा

ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा द्वारा वार्षिक आम सभा 2024- 25 का आयोजन ग्राम कापसी डौडी लोहारा में विगत दिवस संपन्न हुआ। इस आयोजन में संपूर्ण ब्लॉक के चारों मंडलों के डौडीलोहारा, सुरेगांव, कोरगुडा, भैंसबोड के स्वजातीय जन की उपस्थिति में मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर वार्षिक आम सभा का शुभारंभ किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज जिला बालोद तथा अध्यक्षता राजेंद्र कुमार देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा के द्वारा किया गया।

विशेष अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष बेनीराम देवांगन,जिला संरक्षक मोहित देवांगन कोरगुडा,ब्लॉक संरक्षकगण नरेंद्र कुमार देवांगन, मूलचंद देवांगन जिला सचिव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्षीय उद्बोधन राजेंद्र कुमार देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा साल भर की सामाजिक, गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसके अंतर्गत सामाजिक प्रकरण का निराकरण अंतरजातीय विवाह, धर्मांतरण, सगाई विषयक विसंगतियों एवं सामाजिक लेनदेन तथा खान-पान पर समाज के लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक भवन निर्माण संबंधी विस्तृत चर्चा किया।

### भवन के लिए दान मिला

जिसके अंतर्गत ब्लॉक देवांगन समाज का सामुदायिक भवन बटेरा में प्रस्तावित भूमि पर बनाया जाएगा इसके लिए विभिन्न स्तर पर सतत रूप से लगातार प्रयास किया जा रहा है। तथा समाज के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ नागरिकों द्वारा सामाजिक भवन निर्माण हेतु अंशदान राशि प्रदान किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत रोहित कुमार देवांगन कोरगुडा 21151/- नरेंद्र कुमार देवांगन आसरा 21001/- वेदलाल देवांगन हड़गहन 11000/-बेनीराम देवांगन डौडी लोहारा 11000/-राजेंद्र कुमार देवांगन डौडी लोहारा द्वारा 11000/- टोमन देवांगन बीजाभाठा 5000/- विष्णु राम देवांगन सूरेगांव 5000 /-भीमा देवांगन भैसबोड 1001 /- रुपए लक्ष्मी नारायण देवांगन सरपंच कोरगुडा 3001 /- ममता देवांगन डौडी लोहारा 5001/-चैतू देवांगन कोरगुडा 5001/-ओमप्रकाश देवांगन मंडल सचिव 5001/- जग्गू देवांगन भैंस बोड द्वारा 5001/- भूषण देवांगन सरपंच सहगांव 5001/- धंजू देवांगन ब्लॉक कोषाध्यक्ष 5001/- श्याम लाल देवांगन सुरेगांव 1001/- बिजमा देवांगन भैसबोड 1101/- चिराम देवांगन भैसबोड 3001/- मोहित देवांगन कोरगुडा 3001/- मूलचंद देवांगन सुरेगांव भेडी 1001/- भूषण देवांगन कोरगुड़ा 1001/- सुखचंद देवांगन कोरगुड़ा 2001/- कार्तिक देवांगन कोरगुडा 2001/- की राशि प्रदान किया जा रहा है उपरोक्त सभी दानदाताओं का देवांगन समाज के सचिव रमेश कुमार देवांगन एवं सुरेश कुमार देवांगन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024 -25 में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत कौशलेश देवांगन सरपंच कापसी,लक्ष्मी नारायण देवांगन सरपंच कोरगुडा, भूषण देवांगन सरपंच सहगांव, मनीषा देवांगन सरपंच बुंदेली, , सारिका देवांगन सरपंच सुरेगांव भेड़ी, चन्दन देवांगन उपसरपंच हड़गहन का सम्मान मोमेंटो,श्रीफल एवं लट्टी धागा गुलाल से किया गया।



### भ्रामक प्रचार से बचें और एकता पर जोर दें

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक देवांगन द्वारा समाज को एकजुटता से संगठित होने की बात कही तथा भ्रामक प्रचार प्रसार से दूर रहकर देवांगन समाज की मूल अवधारणा और कार्यों से अवगत कराया।इस तारतम्य में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का भी जिक्र किया गया।जिसमें समाज के निम्नस्तर के लोगों को भी फायदा मिल सके। सभी सम्मानित नवनिर्वाचित सरपंचों के द्वारा ब्लॉक देवांगन समाज का आभार व्यक्त किया। तथा सभी स्तर पर समाज को सहयोग करने का आश्वासन दिया। मध्यांतर में भोजन अवकाश पश्चात सचिव रमेश कुमार देवांगन द्वारा सत्र 2024 -25 के सामाजिक आय व्यय का लेखा-जोखा समाज के सामने प्रस्तुत किया गया।जिसे सभी ने सर्वसम्मति से पारित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लॉक देवांगन समाज उपाध्यक्ष पंचराम देवांगन,शशि कला देवांगन कोषाध्यक्ष धंजू देवांगन,जिला प्रवक्ता हर्षा देवांगन,जिला उपाध्यक्ष भारती देवांगन,महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष मुक्ता देवांगन, सचिव कौशल्या देवांगन, उपाध्यक्ष मधु देवांगन भारत लाल देवांगन,भगवंत देवांगन,देवाचंद देवांगन,कीर्तन देवांगन,मीना देवांगन,विष्णु देवांगन,श्याम लाल देवांगन,कबिलाश,पवन देवांगन,भोला शंकर देवांगन,भूषण देवांगन,खोरबाहरा राम देवांगन,सुरेश कुमार देवांगन,नीरा बाई देवांगन चंपाबाई देवांगन,बसंती देवांगन,कार्तिक रामदेवांगन,भीमा कुमार देवांगन,जग्गू राम देवांगन,किशन देवांगन,डोमन लाल देवांगन,कमलेश देवांगन,फिरतू राम देवांगन,शोभनी बाई देवांगन,राज बाई देवांगन लेखाबाई देवांगन,कीर्तन देवांगन,भारत लाल देवांगन,मणी राम देवांगन, बिशाल देवांगन,बिहारी लाल देवांगन एवं ग्राम इकाई कापसी के समस्त देवांगन जनों का सहयोग प्राप्त हुआ। उपरोक्त समस्त जानकारी राजेंद्र कुमार देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा द्वारा दिया गया।

### अनिवार्य निधि का उपयोग वेतन देने में हो

**भिलाई।** राज्य शासन ने जिले सहित पूरे प्रदेश के निकायों के लिए आदेश जारी किया है, जिसके मुताबिक अनिवार्य निधि का उपयोग अधिकारी और कर्मचारियों को वेतन दिए जाने के लिए किया जाएगा। शासन ने जारी आदेश में कहा है कि देखने में आया है कि अनिवार्य निधि यानी चुंगी क्षतिपूर्ति, यात्री कर, मुद्रांक शुल्क, बार लाइसेंस शुल्क की राशि का उपयोग वेतन में न कर अन्य कार्यों में किया जा रहा है। इस वजह से निकायों के कर्मचारियों और अधिकारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। निकायों के सभी प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे कर्मचारियों के वेतन को लेकर गंभीरता बरतें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**आप लोगों की सभी मांगें पूरी होंगी**

## विधायक अनिला ने वनांचल में विकास कार्यों को भूमिपूजन व लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक व पूर्व मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया जी ने अपने विधायक निधि से ग्राम पंचायत करेंगाव में शीतला मंदिर में ज्योति कक्ष के लिए 6.50 लाख रुपये के भवन का भूमिपूजन किया, ग्राम पंचायत करतूटोला में 10 लाख के डोम शेड का लोकार्पण, ग्राम पंचायत तुरमुडा. में 11 लाख के डोम शेड,3 लाख के कला मंच,10 लाख की लागत से बने मंगल भवन का लोकार्पण किया गया।



लाखों रुपए के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे विधायक जी के कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद विधायक को अपने बीच पाकर गदगद हो गये, विधायक जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप लोगों ने जो मांग रखे हैं उसे बारी बारी से प्राथमिकता से करते जा रहे हैं, हमारे साथ जिला पंचायत, जनपद सदस्य, सरपंच का भी राशि आएगा तो छोटा छोटा कार्य आप के ग्राम पंचायत में और होगा, ये सम्पत्ति आप लोगों की है साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी आप लोगों की है, करतुटोला पहुंचते ही तेज बारिश होने के बावजूद वहां भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम जी ने कहा कि हम लोगों का सबसे पहले प्राथमिकता है क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास, आप लोगों ने जिला पंचायत सदस्य बना कर भेजें है तो मेरा भी फर्ज बनता है आपके ग्राम पंचायतों में जो भी जरूरत होगी हम उसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित गोविंद चंन्द्राकर जी विधायक प्रतिनिधि, देव राना जनपद सदस्य,रेलहा राम भुआर्य सरपंच करेंगांव, श्रीमती मीना हरक कोर्राम सरपंच करतूटोला, सरपंच तुरमुडा. चैतराम कोर्राम, झुमुक परसाई जोन प्रभारी, चंदन भारद्वाज, रुद्रनारायण पाटिल,देव भंडारी,उत्तम ठाकुर थानसिह रावटे,पूरन नायक, हरक कोर्राम, रामेश्वर साहू, परमेश्वर पुरषोत्तम ठाकुर,खरे,मेनलाल भुआर्य, भूपेश सहारे, भूपेंद्र साहू , शैलेन्द्र गायकवाड़, कार्यकर्तागण व ग्रामवासियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
26 जुलाई से 01 अगस्त 2025 (सावन में)
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411